प्रभु का दिन

ओवन ऑल्ब्रट

"कि मैं प्रभु के दिन आत्मा में आ गया, और अपने पीछे तुरही का सा बड़ा शब्द यह कहते सुना" (प्रकाशितवाक्य 1:10)।

इस्राएल को मिसर की दासता से निकलने का दिन स्मरण रखना था। क्या मसीही लोगों को भी पाप की दासता से निकलने का दिन स्मरण रखने के लिए कहा गया था? क्या मसीही लोगों को सब्त, अर्थात इस्राएल का विश्राम-दिन मनाना चाहिए या उनका अपना एक विशेष दिन है जिसमें वे उसे स्मरण रखें जिसने उन्हें अपनी मृत्यु और पुनरुत्थान के द्वारा छुटकारा दिलाया?

मसीही लोगों के लिए दिन मनाने के प्रमाण (1) नये नियम की शिक्षा, (2) प्रारम्भिक कलीसिया द्वारा इस्तेमाल किए जाते "प्रभु का दिन" के अर्थ, या (3) आरम्भिक मसीही और गैर मसीही लेखकों के ऐतिहासिक दस्तावेज़ों पर आधारित हो सकते हैं। यदि प्रारम्भिक मसीही सातवें दिन इकट्ठे होते थे, तो यह सब्त के दिन यहूदी सभाओं से अलग उद्देश्य के लिए होता होगा।

यीशु के समय, यहूदी लोग सब्त के दिन इकट्ठे होते थे। इस दिन इकट्ठा होना सुविधाजनक था क्योंकि इस दिन वे कोई काम नहीं करते थे। "आराधनालय का प्रमुख उद्देश्य सार्वजनिक आराधना करना नहीं, बल्कि पवित्र शास्त्र से निर्देश देना था।"[1]

नये नियम के पद

मसीही लोग सब्त के दिन इकट्ठे नहीं होते थे। वे सब्त के अगले दिन, यीशु की मृत्यु और पुनरुत्थान को याद करने के लिए मिलते थे।

मसीही लोगों के विशेष दिन इकट्ठे होने का एकमात्र हवाला प्रेरितों 20:7 में मिलता है:

> सप्ताह के पहिले दिन जब हम रोटी तोड़ने के लिए इकट्ठे हुए, तो पौलुस ने जो दूसरे दिन चले जाने पर था, उनसे बातें कीं, और आधी रात तक बातें करता रहा (प्रेरितों 20:7)।

यद्यपि पौलुस को पिन्तेकुस्त के पर्व के लिए समय पर यरूशलेम पहुंचने की जल्दी थी (प्रेरितों 20:16), परन्तु उसने त्रोआस में पूरा एक सप्ताह प्रतीक्षा की (प्रेरितों 20:6) ताकि वह मसीही लोगों के इकट्ठे होने पर अर्थात सप्ताह के पहले दिन उनसे मिल सके। जब वे रोटी तोड़ने के लिए इकट्ठे हुए, तो उसे उन्हें वचन सुनाने का अवसर मिल गया। एफ. एफ. ब्रूस ने लिखा है:

> यह कथन कि त्रोआस में यात्री और उस बन्दरगाह पर रहने वाले उनके साथी मसीही "सप्ताह के पहले दिन" रोटी तोड़ने के लिए इकट्ठे हुए, उस दिन आराधना के लिए इकट्ठे होने की मसीही प्रथा का प्रारम्भिक स्पष्ट प्रमाण है।[2]

साइमन जे. किस्टमेकर मानता है:

> "सप्ताह के पहले दिन" (अर्थात रविवार; रविवार की आराधना के लिए नये नियम का यह पहला हवाला है) मसीही लोग प्रभु भोज मनाने के लिए इकट्ठे होते थे, जो सामूहिक भोज अर्थात "प्रीति भोज" के बाद होता था। प्रेरितों के काम में, रोटी तोड़ना का अर्थ संगति करना है ...।[3]

विली रॉर्डार्फ ने लिखा है, "निश्चय ही, प्रेरितों 20:7क में रोटी तोड़ने का अर्थ 'प्रभु भोज' को छोड़ कुछ और नहीं है।"[4]

जे. डब्ल्यू मैक्गार्वे ने ठीक ही लिखा है:

> यह पद दिखाता है कि सप्ताह का पहला दिन ही वह दिन था जिसमें चेले रोटी तोड़ते थे; और उस दिन उनके इकट्ठे होने का मुख्य उद्देश्य इस रीति को पूरा करना होता था। इस अवसर पर पौलुस का प्रचार करना एक संयोग था। प्रभु भोज की मूल स्थापना में, इस सम्बन्ध में कुछ भी नहीं कहा गया था कि यह कब कब लिया जाना चाहिए। प्रभु ने कहा था, "जब कभी पियो, तो मेरे स्मरण के लिए यही किया करो" [1 कुरिन्थियों 11:25]। यदि कुछ भी न कहा गया होता, तो विश्वासियों की प्रत्येक मण्डली स्वयं निर्णय ले सकती थी कि इसे कब लिया जाए। परन्तु बाद में पवित्र आत्मा की अगुआई प्राप्त प्रेरितों ने अन्य मामलों की तरह इसमें भी प्रभु की व्यक्तिगत शिक्षा के सम्बन्ध में कोई अनिश्चितता नहीं रहने दी और हमारी अगुआई के लिए अपना नमूना दिया। इस विषय पर बहुत कम कहा गया है, परन्तु जितना भी कहा गया है वह सप्ताह में इसके एक बार लेने के पक्ष में निर्णायक है।[5]

प्रेरितों 20:7 स्पष्ट दिखाता है कि मसीही लोग रोटी तोड़ने के लिए विशेष तौर पर इकट्ठे होते थे जो कि प्रभु भोज का अप्रत्यक्ष संकेत है। वे आराधना के लिए अन्य समयों पर इकट्ठे होते थे, परन्तु उनके लिए रविवार एक विशेष दिन अर्थात उनके प्रभु का दिन था।

एक और आयत संकेत देती है कि मसीही लोग रविवार के दिन इकट्ठे होते थे: ''अब उस चन्दे के विषय में जो पवित्र लोगों के लिए किया जाता है, जैसी आज्ञा मैं ने गलतिया की कलीसियाओं को दी, वैसा ही तुम भी करो। सप्ताह के पहिले दिन तुम में हर एक अपनी आमदनी के अनुसार कुछ अपने पास रख छोड़ा करे, कि मेरे आने पर चन्दा न करना पड़े'' (1 कुरिन्थियों 16:1, 2)।

इस कथन से चार निष्कर्ष निकाले जा सकते हैं:

(1) जो काम करने की आज्ञा पौलुस कुरिन्थुस की कलीसिया को दे रहा था वह केवल वहां के लिए ही नहीं, बल्कि अन्य कलीसियाओं के लिए भी थी।

(2) जरूरतमंदों के लिए चंदा प्रत्येक सप्ताह के पहले दिन लिया जाना था ताकि पौलुस के आने पर उसे इधर-उधर घूमने की आवश्यकता न पड़े।

(3) रविवार का दिन चुना गया क्योंकि यही वह दिन था जब मसीही लोग एक जगह इकट्ठे होते थे। इकट्ठे होने पर वे अपनी आमदनी के अनुसार चंदा दे सकते थे।

(4) इकट्ठे होने के दिन के रूप में सप्ताह का पहला दिन विशेष महत्व रखता होगा; वरना कोई और दिन भी चुना जा सकता था।

प्रभु का दिन

प्रकाशितवाक्य 1:10 में यूहन्ना द्वारा ''प्रभु का दिन'' शब्द का इस्तेमाल यह अर्थ देता है कि यीशु को आदर देने के लिए आरम्भिक कलीसिया ने एक विशेष दिन रखा हुआ था। ''प्रभु का दिन'' (यू.: *te kyriake hemera*) ''प्रभु के दिन'' (यू.: *hemera tou kuriou*) की तरह नहीं है जिसका इस्तेमाल उस किसी भी दिन के लिए किया जाता है जब परमेश्वर अपना बदला लेने और विनाश करने के लिए अपना क्रोध दिखाएगा (2 पतरस 3:10)।

kyriake सम्बन्धवाचक संज्ञा नहीं, बल्कि एक विशेषण है जिसका इस्तेमाल प्रभु के सम्मान में एक दिन के अर्थ में किया जाता है। यह ''झण्डा दिवस,'' ''गणतन्त्र दिवस,'' और ''स्वतन्त्रता दिवस'' की तरह ही है; विशेषण के रूप में, इस्तेमाल की गई ये संज्ञाएं दिखाती हैं कि ऐसे दिन झण्डे, गणतन्त्र या स्वतन्त्रता के सम्मान में ठहराए गए हैं।

''प्रभु का दिन'' (विशेषण होने के कारण इसमें सम्बन्धवाचक की आवश्यकता नहीं है), या ''इम्पीरियल डे'' (जैसे इंटरलिनियर वर्ज़न में अनुवाद किया गया है),[6] वह विशेष दिन है जिसे प्रभु के सम्मान और उसके स्मरण के लिए अलग ठहराया गया है। यह यहूदियों के सब्त के दिन की तरह नहीं है, जिसे मिसर की दासता से निकलने के स्मरण में विश्राम के लिए ठहराया गया था।

नये नियम में विशेषण शब्द ''प्रभु,'' अर्थात *kyriake* केवल एक और बार आता है और वहां इसका इस्तेमाल प्रभु के सम्मान और स्मरण में भोज के लिए है (1 कुरिन्थियों 11:20-26)। यह भोज उस विशेष दिन लिया जाता था जिसे उसके सम्मान में अलग किया गया था।

नये नियम के बाहर *te kyriake hemera* का इस्तेमाल केवल रविवार अर्थात सप्ताह के

पहले दिन के लिए किया जाता है। यह इस तथ्य के महत्व को और बढ़ा देता है कि प्रकाशितवाक्य 1:10 में, यूहन्ना, रविवार अर्थात सप्ताह के पहले दिन आत्मा में था। सप्ताह के इसी दिन यीशु मृतकों में से जी उठा था (मत्ती 28:1; 16:1, 2; लूका 24:1) और मसीही लोग इकट्ठे होते थे।

प्रारम्भिक मसीही साहित्य

अधिकतर विद्वान निष्कर्ष निकालते हैं कि "प्रभु का दिन" रविवार को ही कहा गया है। यह निष्कर्ष दूसरी शताब्दी के साहित्य में रविवार के सम्बन्ध में इस्तेमाल किए गए वाक्यांश की पुनरावृत्ति के कारण निकाला जाता है।[7] उदाहरण के लिए, 180 ईस्वी के लगभग लिखी गई *गॉस्पल ऑफ पीटर* में यह कथन है: "प्रभु के दिन की प्रात: भोर को ही प्रभु की एक चेली मरियम मगदलीनी ... कब्र पर आई।"[8] 190 ईस्वी के लगभग क्लेमेंट ऑफ़ अलेग्ज़ेंड्रिया ने लिखा था, "जब भी वह बुरे मन को निकालता है, वह अपने आप में प्रभु के पुनरुत्थान की महिमा करता हुआ ... सुसमाचार के अनुसार आज्ञा मानता है और प्रभु का दिन मनाता है।"[9]

रविवार के दिन का विशेष महत्व है जैसा कि यीशु द्वारा अपने पुनरुत्थान के बाद दिए दर्शनों से भी पता चलता है।

> पुनरुत्थान के बाद सुसमाचार की पुस्तकों में दर्ज मसीह के आठ में से छह दर्शन रविवार के दिन हुए हैं: (1) मरियम मगदलीनी को (यूहन्ना 20:11–18); (2) उन महिलाओं को जो उसकी देह पर मलने के लिए मसाले लाई थीं (मत्ती 28:7–10); (3) इम्माउस के रास्ते पर दो चेलों को (लूका 24:13–33); (4) शिम्मौन पतरस को (लूका 24:34); (5) दस चेलों को जब थोमा उनके साथ नहीं था (यूहन्ना 20:19–23; तु. लूका 24:36–49); और (6) ग्यारह चेलों को जब थोमा उनके साथ था (यूहन्ना 20:24–29)।[10]

रविवार के दिन और भी कई महत्वपूर्ण घटनाएं घटीं। फसह के पर्व के बाद रविवार के दिन यीशु मृतकों में से जी उठा था (मत्ती 28:1)। पिन्तेकुस्त का दिन पचास दिन बाद आरम्भ हुआ था (लैव्यव्यवस्था 24:15, 16), जिसका अर्थ यह हुआ कि कलीसिया की स्थापना और पवित्र आत्मा का उंडेला जाना रविवार, पिन्तेकुस्त के दिन हुआ था (प्रेरितों 2:1–4)।

प्रमाण यह संदेत देता है कि "प्रभु का दिन" यीशु के सम्मान और स्मरण के लिए इकट्ठे होने के लिए मसीही लोगों के लिए एक विशेष दिन था। रविवार, अर्थात सप्ताह का पहला दिन बताने के लिए आरम्भिक लेखक इसी शब्द का इस्तेमाल करते थे।

ऐतिहासिक प्रमाण

जिन लोगों ने प्रेरितों के एकदम बाद लिखा, उन्होंने इस तथ्य की पुष्टि की कि

आरम्भिक कलीसिया एक विशेष दिन इकट्ठा होने के रूप में, रविवार अर्थात सप्ताह के पहले दिन आराधना करती थी। इन लेखकों में दूसरी शताब्दी के लेखक भी शामिल हैं (101 ईस्वी से 200 ईस्वी):

> (1) इगनेशियस यहां उन लोगों की बात करता है जिन्हें "नई आशा मिली है, अब सब्त [मूल. "sabbathing"] को नहीं मानते बल्कि प्रभु के दिन [यू. *kyriake*, "दिन" के लिए बिना शब्द के] के अनुसार जीवन बिता रहे हैं। जिस पर हमारा जीवन उस में और उसकी मृत्यु के द्वारा आरम्भ हुआ था" (Magn. 9.1)। *kyriake* यहां पर प्रकाश. 1:10 में प्रयुक्त अभिव्यक्ति का संक्षिप्त रूप लगता है और संदर्भ के साथ–साथ, यह तथ्य पद के अनुवाद में "दिन" शब्द के उपयोग की ओर ले चलता है। इस संदर्भ में इगनेशियस विशेष रूप से आराधना का उल्लेख नहीं करता। (2) Did. 14:1 मसीही आराधना के अवसर के लिए, बेजोड़ अभिव्यक्ति *kyriake kyriou* अर्थात "प्रभु का दिन" का इस्तेमाल करता है, परन्तु सब्त से इस अवसर को भिन्न नहीं करता। (3) इसी तरह, ट्राजन के नाम अपने प्रसिद्ध पत्र में प्लाइनी (Ep. x.96) कहता है कि मसीही लोग भजन गाने (या शब्दों के एक रूप के काव्य पाठ करने) के लिए एक निर्धारित दिन पर इकट्ठे होते हैं, परन्तु वह दिन नहीं बताता। (4) Barn. 15:9 पहले दिन (पुरानी सृष्टि का आठवां दिन) का महत्व दिखाता है, परन्तु *kyriake* शब्द का इस्तेमाल नहीं करता। केवल इकट्ठे होकर ही ये शब्द यह अर्थ देते हैं कि मसीही लोग सप्ताह के पहले दिन, अर्थात पुनरुत्थान के दिन आराधना के लिए इकट्ठे होते थे।[11]

इगनेशियस, जो शायद प्रेरित यूहन्ना का एक चेला था, ने *मेगनिसियंस* लिखी थी। प्लाइनी मसीही तो नहीं था, परन्तु सम्राट ट्राजन के समय पोंतुस और बितुनिया का रोमी राज्यपाल होने के कारण, उसे मसीही गतिविधियों का ज्ञान अवश्य था। दूसरी शताब्दी के आरम्भ में, उसने मसीही लोगों के बारे में ट्राजन को एक पत्र लिखा था। पीछे दिए एक उद्धरण का संकेत उसी दस्तावेज से लिया गया है: "वे दिन चढ़ने से पहले एक निर्धारित दिन पर इकट्ठे होते थे।"[12]

लगभग उसी समय लिखी गई, *Didache* में लिखा है, "और प्रभु के अपने दिन इकट्ठे होकर अपने बलिदान को शुद्ध करने के लिए अपने अपराधों को मानने के बाद रोटी तोड़ो और धन्यवाद दो, ताकि तुम्हारा बलिदान शुद्ध हो जाए।"[13]

बरनबास की कल्पित *पत्री* भी दूसरी शताब्दी के आरम्भ में लिखी गई थी। इसमें लिखा है, "हम आठवें दिन को भी आनन्द के लिए मनाते हैं, जिसमें यीशु भी मुर्दों में से जी उठा था, ...।"[14] मसीही जस्टिन मार्टिन ने विस्तृत तौर से बताया कि इसे आठवां दिन क्यों कहा जाता है, "क्योंकि सप्ताह का पहला दिन, यद्यपि सब दिनों से पहले है, फिर भी एक चक्र में दिनों की संख्या के अनुसार आठवां ही है (जबकि है यह पहला ही)।"[15]

मसीही सभाओं के सम्बन्ध में दूसरी शताब्दी के लगभग जस्टिन मार्टिन ने लिखा:

> और उस दिन को जिसे रविवार कहा जाता है एक नगर या देहात के जिले में रहने वाले सब लोग एक ही जगह इकट्ठे होते थे। प्रेरितों के लेख या भविष्यवक्ताओं की पुस्तकें, जब तक समय मिलता पढ़ी जाती हैं।[16]

> पर रविवार ही वह दिन है जिस दिन हम अपनी आम सभा करते हैं, क्योंकि यह पहला दिन है जिसमें परमेश्वर ने, अंधेरे और पदार्थ को बदलकर, संसार की रचना की; और यीशु मसीह हमारा उद्धारकर्त्ता इसी दिन मृतकों में से जी उठा था।[17]

उसने यह भी लिखा कि इस दिन वे ''प्रत्येक अपनी इच्छा के अनुसार'' देते थे,[18] जो न केवल यह संकेत देता है कि मसीही लोग सब्त के दिन आराधना नहीं करते थे बल्कि, यह भी कि वे पुराने नियम में दी गई आज्ञा के अनुसार दशमांश नहीं देते थे।

जस्टिन के ''जब तक समय मिलता'' कथन में सुझाव है कि मसीही लोगों के पास समय कम होता था क्योंकि वे भोर होने से पहले इकट्ठे होते थे ताकि मिलने के बाद अपने काम पर जा सकें। यदि वे यहूदियों के सब्त के दिन आराधना करते होते, तो वे काम पर नहीं जाते बल्कि बिना किसी समय सीमा के आराधना के लिए पूरा दिन विश्राम करते।

अपनी पुस्तक *डायलाग विद ट्राइफ़ो* में जस्टिन ने लिखा है, ''मित्रो, कोई और बात नहीं है जिसके लिए आप हम पर आरोप लगाएं, क्या है ? कि हम व्यवस्था के अनुसार नहीं रहते, न ही तुम्हारे बाप दादाओं की तरह मांस का खतना करवाते हैं और न ही हम तुम्हारी तरह सब्त को मानते हैं।''[19]

170 ईस्वी में रोम की कलीसिया के नाम एक पत्र में, कुरिन्थुस के बिशप डायनिसियस ने लिखा, ''आज हमने प्रभु का पवित्र दिन बिताया है, जिसमें हमने आपकी पत्री को पढ़ा।''[20]

178 ईस्वी के लगभग, लियोन्स के बिशप इरेनियुस ने ''हमारे प्रभु के पुनरुत्थान के भेद को केवल प्रभु के दिन मनाने'' के कर्तव्य को बनाए रखते हुए, रोम के बिशप के नाम लिखा।[21] एक लेखक ने निष्कर्ष निकाला है:

> इन गवाहियों से पता चलता है कि [दूसरी शताब्दी] में रविवार का दिन मसीह के पुनरुत्थान को मनाने में मसीह आराधना के दिन के रूप में मनाया जाता था। कोई ऐसा संकेत नहीं है कि इस समय के दौरान रविवार को विश्राम दिन के रूप में मनाया जाता हो या इसका मनाया जाना किसी भी प्रकार से यहूदी सब्त के मनाये जाने से जुड़ा हो।[22]

तीसरी शताब्दी का ठोस प्रमाण (201–300 ईस्वी) दिखाता है कि मसीही लोग रविवार अर्थात सप्ताह के पहले दिन इकट्ठे होते थे।

201 ईस्वी के लगभग, टरटुलियन ने लिखा था, ''दूसरे लोगों को ... लगता है कि सूर्य मसीही लोगों का देवता है, क्योंकि यह तथ्य प्रसिद्ध है कि ... हम रविवार के दिन को

आनन्द का दिन बनाते हैं।''[23] उसने यह भी लिखा कि, ''सब्त हमारे लिए पराये हैं''[24]

200 ईस्वी के लगभग बार्डसेन्स ने लिखा था, ''एक दिन, अर्थात सप्ताह के पहले दिन, हम एक दूसरे के साथ इकट्ठे होते हैं ...।''[25]

तीसरी शताब्दी के अन्त में लिखी गई, *द टीचिंग ऑफ़ द अपोस्टल्स,* में यह निर्देश मिलता है:

> प्रेरितों ने यह भी ठहराया: सप्ताह के पहले दिन उपासना सभा, और पवित्र शास्त्र से पढ़ा जाए और भोज लिया जाए: क्योंकि सप्ताह के पहले दिन हमारा प्रभु मृतकों में से जी उठा था, और सप्ताह के पहले दिन वह स्वर्ग पर उठाया गया था, और अन्त में सप्ताह के पहले दिन वह स्वर्ग दूतों के साथ प्रकट होगा।[26]

कारथेज के बिशप, सिपरियम ने कारथेज की तीसरी सभा, 253 ईस्वी से एक पत्री लिखी:

> क्योंकि आठवां दिन ... प्रभु के जी उठने का दिन होना था ... और हमें आत्मा का खतना देता है, इसलिए आठवां दिन ... प्रभु के दिन का लक्षण पहले ही था।[27]

ये प्रासंगिक गवाहियां दिखाती हैं कि मसीही लोग प्रारम्भ से ही रविवार को आराधना के दिन के रूप में इस्तेमाल करते थे। ये सभी हवाले 306–337 ईस्वी में कॉन्सटेन्टाइन के रोमी साम्राज्य का सम्राट बनने से उद्धृत किए गए थे। जो लोग यह कहते हैं कि उसने मसीही आराधना को शनिवार से रविवार में बदल दिया, वे अपने तर्क के विरुद्ध पाए जाने वाले प्रमाण से विवश होकर ऐसा करते हैं। उसने मसीही आराधना के दिन को सब्त से रविवार में नहीं बदला; बल्कि 321 ईस्वी में उसने फरमान जारी किया कि वह दिन जिसमें मसीही लोग पहले ही आराधना कर रहे थे, साम्राज्य के सभी धार्मिक समूहों द्वारा आराधना के लिए एक नियमित सरकारी छुट्टी का दिन होगा।

कलीसिया के प्रारम्भिक लेखकों के कथनों से उद्धृत करने के बाद एवरेट फर्ग्युसन ने टिप्पणी की, ''प्रारम्भिक मसीहियों के आराधना के दिन का प्रमाण स्पष्ट है और इसमें कोई दो राय नहीं। वे लोग यहूदियों की तरह सातवें दिन अर्थात सब्त के नहीं, बल्कि सप्ताह के पहले दिन अर्थात मसीह के पुनरुत्थान के दिन इकट्ठे होते थे।''[28]

कुछ लोग जो रविवार के दिन आराधना करने पर आपत्ति करते हैं, यह तर्क देते हैं कि ऐसा करना इसलिए गलत है क्योंकि इस दिन का नाम सूर्य देवता के सम्मान में रखा गया है। यदि यह सही तर्क है, तो शनिवार के दिन आराधना करना भी गलत होगा, क्योंकि वह दिन शनि अर्थात कृषि के रोमी देवता के नाम पर है।

सारांश

समस्त ऐतिहासिक जानकारी से पता चलता है कि आरम्भ से ही मसीही लोग रविवार अर्थात सप्ताह के पहले दिन, रोटी तोड़कर और दाख का रस पीकर यीशु के सम्मान और उसे स्मरण करने के लिए इकट्ठे होते थे। वे ऐसा सब्त के दिन नहीं करते थे। यहूदी (अन्यजाति नहीं) मसीही जो इस्राएल में रहते थे और वे जो दूर-दूर बिखर गए थे, सब्त के दिन विश्राम करते थे; परन्तु ऐसा करने वाले लोग भी रविवार के दिन प्रभु भोज लेते थे।

विली रॉर्डार्फ ने निष्कर्ष निकाला था:

> ... प्राचीन कलीसिया में प्रभु भोज मनाने के लिए स्थानीय कलीसिया के इकट्ठे होने के बिना रविवार का दिन बीतने की सोच भी नहीं सकते थे। रविवार पूरी तरह से, प्रभु भोज के बिना नहीं होता था; प्रभु भोज आराधना का मुख्य भाग होता था जिसके आस पास आराधना के दूसरे भागों का स्थान होता था। अन्य समयों पर अमान्य प्रार्थना के लिए या सामान्य भोजन के लिए भी इकट्ठ होता था, परन्तु रविवार के दिन केवल प्रभु भोज के लिए ही था।[29]

मसीही लोगों के लिए रविवार का दिन, विश्राम के लिए नहीं बल्कि आराधना के लिए एक विशेष दिन है। विशेष रूप से मसीही लोग उस दिन यीशु के स्मरण में प्रभु भोज खाने के लिए इकट्ठे होते हैं जब तक वह दोबारा न आ जाए (1 कुरिन्थियों 11:26)।

पाद टिप्पणियां

[1]जे. डी. डगलस, सं., *द न्यू इंटरनेशनल डिक्शनरी ऑफ़ द बाइबल,* सामा. संस्क. मैरिल सी. टैनी (ग्रैंड रैपिड्स, मिशी.: रिजेन्सी रैफरेंस लाइब्रेरी, ज़ोन्डर्वन पब्लिशिंग हाउस, 1987) वाल्टर डब्ल्यू. वैसल द्वारा "सब्बथ" शीर्षक से। [2]एफ़. एफ़. ब्रूस, *कमैन्ट्री ऑन द बुक ऑफ एक्स,* द न्यू इन्टरनेशनल कमैन्ट्री ऑन द न्यू टैस्टामेन्ट, सामा. सं. एफ. एफ. ब्रूस (ग्रैंड रैपिड्स, मिशी.: Wm. B. ईर्डमैंस पब्लिशिंग कं., 1986), 407-408. [3]साइमन जे किस्टमेकर, *न्यू टैस्टामेन्ट कमैन्ट्री: एक्सपोज़िशन ऑफ़ द ऐक्ट्स ऑफ़ द अपोस्टल्ज़* (ग्रैंड रैपिड्स, मिशी.: बेकर बुक हाउस, 1990), 716. [4]विली रॉर्डार्फ, *संडे,* अनु. ए. ए. के. ग्राहम (फिलाडेल्फिया: वैस्टमिनस्टर प्रेस, 1968), 221. [5]जे. डब्ल्यू. मैक्गर्वे, *न्यू कमैन्ट्री ऑन ऐक्ट्स ऑन अपोस्टल्स,* अंक 2 (लैक्सिंगटन, Ky.: पृ. न., 1892; रीप्रिंट, डिलाइट, आरक.: गॉस्पल लाइट, पृ. नं.), 179. [6]*द इंटरलिनियर NASB-NIV पैरेलल न्यू टैस्टामेन्ट इन ग्रीक एण्ड इंग्लिश,* इंटरलिनियर अनु. अल्फ्रेड मार्शल (ग्रैंड रैपिड्स, मिशी.: ज़ोन्डर्वन पब्लिशिंग हाउस, 1993), 702. [7]*द ज़ोन्डर्वन पिक्टोरियल इनसाइक्लोपीडिया ऑफ़ द बाइबल,* अंक 3, सामा. संस्क. मैरिल सी. टैनी (ग्रैंड रैपिड्स, मिशी.: रिजेन्सी रैफरेंस लाइब्रेरी, ज़ोन्डर्वन पब्लिशिंग हाउस, 1975), 965 में एच. वाटरमैन, "द लॉर्ड'स डे।" [8]*गॉस्पल ऑफ़ पीटर* 12:50, ऐवरेट फर्ग्युसन, *अरली क्रिश्चियन्स स्पीक* (अबिलेन, टेक्स.: बिबलिकल रिसर्च प्रैस, 1971), 68 में उद्धृत। [9]फर्ग्युसन, 68 में उद्धृत क्लेमंट ऑफ़ अलेग्जेंडरिया *मिसलेनीस* VII.xii 76.4. [10]वाटरमैन, 964.

[11]*इंटरनेशनल स्टैंडर्ड बाइबल इनसाइक्लोपीडिया,* सामा. संस्क. ज्योफरी डब्ल्यू. ब्रोमिले (ग्रैंड रैपिड्स, मिशी.: Wm. B. ईर्डमैंस पब्लिशिंग कं., 1986), 3:159 में ज्योफरी डब्ल्यू. ब्रोमिले, "लॉर्ड'स डे।"

[12]फर्ग्युसन, 81 में उद्धृत, प्लाइनी *लैटर्स X.xcvi.* [13]जे. बी. लाइटफुट, अनु. सं. द *अपोस्टलिक फादर्स,* सं. व पूर्ण किया जे. आर. हारमर (लंदन: मैकमिलन एण्ड कं., 1891; रीप्रिंट, ग्रैंड रैपिड्स, मिशी.: बेकर बुक हाउस, 1971), 128 में *डिडेक* 14:1. [14]लाइटफुट, 152 में *एपिस्टल ऑफ़ बरनबास* 15. [15]फर्ग्युसन, 68 में उद्धृत जस्टिन मार्टिर *डायलाग विद ट्राइफो* 41:4. [16]जस्टिन मार्टिर, *अपोलोजी I* 67.3. [17]जस्टिन मार्टिर, *अपोलोजी I* 67.7. [18]जस्टिन मार्टिर, *अपोलोजी I* 67.6. [19]फर्ग्युसन, 68 में उद्धृत, जस्टिन मार्टिर *डायलाग विद ट्राइफो* 10:1. [20]यूसबियुस *एक्लेसिएस्टिकल हिस्टरी* 4.23 में उद्धृत।

[21]यूसबियुस 5.24 में उद्धृत, इरेनियुस। [22]वाटरमैन, 966. [23]टरटुलियन टू द *नेशन्स* 1.13. [24]फर्ग्युसन , 68 में उद्धृत, टरटुलियन *ऑन आइडोलेटरी* 14.6. [25]फर्ग्युसन, 69 में उद्धृत, बार्डसेनस *ऑन फेट।* [26]द *टीचिंग ऑफ द अपोस्टल्स,* द ऐंटी-नाइसीन फादर्स, अंक 8, 668. [27]वाटरमैन, 966 में उद्धृत साइप्रियन, *एपिस्टल* 64.4. [28]फर्ग्युसन, 70. [29]रोल्डोफ 305.